सार-समाचार

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने शिक्षा मंत्री के भतीजे के निधन पर संवेदना व्यक्त की

कोटा, (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी मंगलवार को कोटा में रंगबाडी योजना स्थित शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के घर पहुंचे और शिक्षा मंत्री के भतीजे स्व.भंवरलाल दिलावर के निधन पर संवेदना व्यक्त की। राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित अन्य ने भी शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के घर पहुंचकर स्व.भंवरलाल दिलावर के निधन पर संवेदना व्यक्त की।

महिलाओं ने उत्साह के साथ गणगौर मनाया

छबड़ा (निसं)। यहां के ग्रीन पार्क स्थित मंदिर पर रामजानकी महिला मंडल ने सुहाग के प्रतीक गणगौर के त्यौहार को धूमधाम से मनाया। महिलाएं इस धार्मिक कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान में सजधज कर पहुंची। मंडल अध्यक्ष अंजली विजयवर्गीय व उपाध्यक्ष सरोज मंगल ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं सज-धज कर हाथों में पूजा की थाली लेकर इसर गणगौर की पूजा-अर्चना के लिए राम जानकी मंदिर पर पहुंची। इन्होंने इसर गणगौर के गीत गाते हुए अपने सुहाग की मंगल कामनाएं की। शाम को फिर से गणगौर की जलेरी लेने के लिए महिलाएं मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुई और ढोल की थाप पर थिरकती हुई महिलाएं करंट वाले बालाजी मंदिर पर पहुंची।यहां महिलाओं ने अपने-अपने कलश को फूल पत्तियों से सजाकर पूजा-अर्चना की। पुनः महिलाएं रामजानकी मंदिर पर पहुंची। यहां इशर बनी मंजू शर्मा व गणगौर की भूमिका में वर्षा शर्मा बडी ही मनमोहक प्रतीत हो रही थी। ये दोनों आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। यहां अनीता शर्मा, निधि विजय, श्रद्धा शर्मा, वर्षा शर्मा, रेनू बंसल, सरोज अहीर, रेखा शर्मा, राधा सिंघल प्रियंका धनोरिया, मिथिलेश अहीर, भूलीबा कुमावत, मीना शर्मा, अंजलि विजय, सरोज मंगल, नेहा मंगल अंजली विजय, सरोज मंगल आदि महिलाएं मौजूद थी।

कर्नल बैंसला की तृतीय पुण्यतिथि मनाई

छबड़ा (निसं)। गुर्जर-गाडरी छात्रावास में वीर गुर्जर विकास समिति, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति व देव सेना के संयुक्त तत्वावधान में गुर्जर शिरोमणि युग पुरुष कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। यहां वक्ताओं ने समाज हित में विभिन्न प्रकार की प्रेरणाए एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने संबंधी विचार प्रस्तुत किए गए। विकास समिति महामंत्री मोरसिंह गुर्जर व तहसील प्रवक्ता हिम्मत नयागांव ने बताया कि देव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिर्राज गुर्जर ने यहां भविष्य मे कर्नल बैंसला के चार मुख्य स्तम्भो अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, शिक्षित मां व कर्ज मुक्त समाज सिद्धांतो के पालन करने पर जोर दिया एवं छात्र-छात्राओ को विभिन्न भर्ती परीक्षाओ, सिविल सर्विसेज परीक्षा एवं मेडिकल-इन्जीनियरिंग प्रवेश परीक्षा मे अपने अध्ययन के माध्यम से 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उठाने पर जोर दिया। यहां जिला पदाधिकारी मानसिंह गुर्जर, समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवरलाल गुर्जर एवं छोटूलाल गुर्जर, देव सेना छबड़ा तहसील अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, दीपक पाल, प्रतीक धनोरिया, नवीन छावडी, राकेश गाडरी, राधाकिशन गाडरी, धनराज गुर्जर आदि मौजूद थे।

चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए चोरी की मोटरसाईकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से अवैध देशी शराब के 52 पव्वे भी बरामद किये। दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक रमेशचंद मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। थानाधिकारी ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि तिलम संघ फैक्ट्री के गेट के पास कोई व्यक्ति अवैध देशी शराब के पव्वों की बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर संदिग्ध व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध देशी शराब के 52 पव्वे बरामद किये और टीम ने मौके पर एक बाईक भी बरामद की। जिसके बारे में पूछताछ में मोटरसाईकिल थाना दीगोद कोटा ग्रामीण से चोरी होना ज्ञात हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए भोई मौहल्ला कोटड़ी निवासी वासुदेव (26) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

मलेरिया क्रेश कार्यक्रम का प्रथम चरण शुरू

कोटा, (निसं)। मलेरिया, डेंगू, चिगनगुनिया आदि मच्छरजनित बीमारियों की प्रभावी रोकथाम व नियंत्रण के लिए 1 अप्रेल से जिले में मलेरिया क्रेश कार्यक्रम का पहला चरण शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 14 मई (डेढ़ माह) तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को मलेरिया सहित अन्य मच्छर-जनित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक गतिविधियां करवाने, चिन्हित हाई रिस्क क्षेत्र के साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां वर्तमान में पॉजिटिव केसेज निकले हैं, उन्हें भी प्लान में शामिल करते हुए टीमें बनाकर लगाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ.घनश्याम मीना ने बताया कि कार्यक्रम में घर-घर बुखार के मरीजों का सर्वे कर रक्त-पट्टिका ली जाएगी और त्वरित जांच कर पॉजिटिव पाए जाने पर पूर्ण आमूल उपचार किया जाएगा। पोजिटिव मरीजों के घरों के आस पास और मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर लार्वारोधी गतिविधियाँ की जाएगी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार दो दोस्तों की हुई मौत

कोटा, (निसं)। केश्वरायपाटन थाना इलाके में सोमवार रात्रि को बूंदी से वापस कोटा आते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दों दोस्तो की मौत हो गई। दोनों युवक सोमवार को दिन में बूंदी के मेले में घुमने के लिये कोटा से गये थे और बूंदी से वापस कोटा लौटते समय कोटा मैगा हाईवे पर गुड़ली के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल को टक्कर मारी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाईकिल से परखच्चे उड़ गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद दोनों युवको को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कच्ची बस्ती निवासी नादिल हुसैन (22) और शाहिद (23) दोनों मोटरसाईकिल से बूंदी में ईद का मेला देखने गये थे और रात्रि को वापस कोटा लौटते समय गुड़ली के समीप अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार दोनो युवक की मौत हो गई। मृतक दोनो दोस्त थे।

परिवार की सहमति से संपन्न हुआ नेत्रदान

कोटा, (निसं)। महावीर नगर विस्तार योजना निवासी राधेश्याम गुप्ता (किराना व्यवसायी) धर्मपत्नी गोकुल बाई गुप्ता का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही समाज के व्हाट्सएप ग्रुप में गई, तो तुरंत शाईन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र और गोकुल बाई के देवर रमेश चंद्र गुप्ता, और राधे श्याम गुप्ता ने तुरंत ही, गोकुल के पति राधेश्याम, बेटे उपेंद्र, विश्वास, अनिल, बेटी रेखा से गोकुल बाई के नेत्रदान करवाने के विषय में चर्चा की। नेत्रदान की प्रति पहले से जागरूक होने के कारण परिवार की ओर से तुरंत ही सहमति आ गई और नेत्रदान का पुनीत कार्य शाईन इंडिया फाउंडेशन की सहयोग से निवास स्थान पर संपन्न हुआ।

नवरात्रि की शुरुआत

कोटा, (निसं)। समस्त पंजाबी खत्री सभा कोटा द्वारा नवरात्रि के शुभारंभ पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 109 कन्याओं का पूजन किया गया। अध्यक्ष नयन कालरा के नेतृत्व में दादाबाड़ी में कच्ची बस्ती की 9 कन्याओं को माता के रूप में सजाकर 100 अन्य कन्याओं के साथ गाजे-बाजे से उड़िया बस्ती स्थित चौथ माता मंदिर ले जाया गया। वहां पर सभी सदस्यों ने 109 कन्याओं का मंत्रोच्चार से पूजन किया, जिसमें उनके पैर धोकर लच्छा बांधना, रोली का तिलक लगाना और आशीर्वाद लेना शामिल था।

सर्व हिंदू समाज ने सपा सांसद के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

कोटा, (निसं)। सर्व हिंदू समाज द्वारा मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को गद्दार बताए जाने के विरोध में कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अर्जुन सिंह गौड़ ने बताया कि महाराणा सांगा को समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा गद्दार बताए जाने के विरोध में सर्व हिंदू समाज के सैकड़ो लोगों ने एकत्रित होकर कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान गौड़ ने संबोधित करते हुए कहा की ऐसे सांसद को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है, जो हमारे महापुरुषों को अपमानित करते हैं।

कोटा में सर्व समाज के द्वारा सपा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने कहा कि सांसद कोटा की धरती पर आकर बताएं। उन्होंने कहा ऐसे सांसदों की केंद्र सरकार को जांच करानी चाहिए, इन्हे विदेशी फंडिंग भी मिलती है, प्रदर्शन के पश्चात सर्व हिन्दु समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचा, लेकिन जिला कलेक्टर उसी वक्त प्रतिनिधिमंडल के सामने से निकल गए और ज्ञापन नहीं लिया, जब की जिला कलेक्टर को यह मालूम था की सर्व हिन्दु समाज का प्रतिनिधिमंडल उन्हे ज्ञापन देने के लिए आ रहा है, जिस कारण सर्व समाज में जिला कलेक्टर के इस रवैय्यै के खिलाफ आक्रोश व्याप्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने बाहर आकर सभी के सामने ज्ञापन की प्रत्तियां जलाई। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा की महापुरुषों पर विवादित बयान देने वालों के लिए उन पर कार्यवाही के लिए एक कानून बनना चाहिए और सजा का प्रावधान होना चाहिए। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कोटा जिला अध्यक्ष ने कहा कि महापुरुषों पर गलत बयानबाजी करने वालों के खिलाफ अब करनी सेना अपने स्तर पर कार्यवाही करेगी और जहां भी रामजी लाल सुमन जाएगा वहां उनका तीखा विरोध किया जाएगा।

सनातनी गौ सेवक पवन सिंह ने बताया कि रामजी लाल सुमन जैसे नेताओं को लोकतंत्र के मंदिर संसद में बैठने का अधिकार नहीं है, अतः उसे तुरंत हटाया जाए। प्रताप सेना अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने कहा की गलत बयान देने से सामाजिक माहौल बिगड़ता है, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। क्षत्रिय करणी सेना प्रदेश संयोजक पुष्पेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि रामजीलाल सुमन और सपा पार्टी का राजनीतिक कैरीअर इस प्रकरण से पूर्ण रूप से खत्म हो चुका है। रायूफा अध्यक्ष शंभु सिंह कानावत ने इस मामले की कड़ी निंदा की। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के अध्यक्ष अभिनव सिंह हाड़ा ने कहा कि आगामी दिनों में सपा पार्टी के नेता को उसके ग्रह क्षेत्र में घुसकर सबक सिखाया जाएगा। श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष पुष्पेंद्र हाड़ा ने कहा कि जल्द ही संगठन द्वारा आगरा कूच की तैयारी की जा रही है। बीजेपी युवा नेता राहुल सिंह सिकरवार ने कहा कि हिंदू विरोधी ताकते लगातार देश में बढ़ती जा रही है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से करणी सेना शहर अध्यक्ष संदीप सिंह गौड़, संभाग उपाध्यक्ष पुन्नाक हाड़ा, पूर्व बीजेपी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र हाड़ा, महिपाल सिंह हाड़ा, जितेंद्र सिंह, मौसम सिंह हाड़ा, गौरव प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कमल सिंह, बीजेपी पार्षद ज्ञानेंद्र सिंह आमेरा, युवा नेता भंवर सिंह हाड़ा, पुष्पेंद्र जोलपा,शिवराज सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, हेमंत सिंह सिसोदिया, रविन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, क्षत्रिय महासभा के भवानी सिंह छपवादा, समाजसेवी गिरिराज सिंह, कांग्रेस पार्षद प्रशांत सिंह हाड़ा, दिग्विजय राजावत, श्याम सिंह, अजय सिंह, पंकज सिंह, अक्षय राज सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक की

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को नई दिल्ली में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने में कोई बाधा न आए, यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकतम किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए और उपार्जन केंद्रों पर उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान के खाद्य मंत्री सुमित गोदारा भी उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि

गुणवत्ता जांच के नाम पर किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए, और प्रथम दृष्टया अस्वीकृत गेहूं (काला गेहूं) का पुनः परीक्षण कर खाद्य योग्य गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को राहत मिले। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं खरीद के मापदंडों में व्यावहारिक शिथिलता अपनाकर किसानों को राहत पहुंचाई जाए। साथ ही, गेहूं तौल के लिए कांटों की समुचित व्यवस्था की जाए, माल उठाव समय पर हो और प्रत्येक केंद्र पर छाया, पानी, विश्राम, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

आकाश इंस्टीट्यूट में ईद मिलन समारोह

कोटा, (निसं)। हर वर्ष की भांति आकाश इंस्टीट्यूट में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मनाया गया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य उन समस्त विद्यार्थियों को घर जैसा प्रतीत करवाना था जो नीट की परीक्षा समीप होने के कारण ईद मनाने घर नहीं गए। संस्थान में पढ़ने वाले विभिन्न राज्यों के छात्रों ने ईद मिलन समारोह उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कोटा आकाश इंस्टीट्यूट में ईद समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में आकाश संस्था राजस्थान जोन के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा हमारे छात्र ही हमारी प्राथमिकता है, रमजान माह एक पाक माह है व ईद का मकसद आपसी भाईचारा और सौहार्द्र को बढ़ाना है। सभी छात्रों ने इसकी सराहना की और शिक्षकों, छात्रों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी व पारंपरिक व्यंजन जैसे छोले, पूड़ी, सेवइंया इत्यादि का लुफ्त उठाया। इस आयोजन ने छात्रों को पारिवारिक माहौल दिया और सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग एवं तीरंदाजी में पदक प्राप्त करने वालों का होगा सम्मान

कोटा, (निसं)। श्री पंचमुखी सोशल हेल्थ फेडरेशन की ओर से 3 अप्रैल को शूटिंग एवं तीरंदाजी में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

फेडरेशन के बृजपाल सिंह सोलंकी एवं सचिव निशि कंवर शूटिंग कोच ने बताया कि शांति फार्म हाउस थेकड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय सिंह कोटा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स डायरेक्टर रहेंगे।

जबकि विशिष्ट अतिथि राजेंद्र पटेल, धनसुख पटेल गुजरात, सीपी अहारी उदयपुर रहेंगे। इस अवसर पर लक्ष्मण नेशनल मेडल, अरविंद सैनी यूएसए में मेडल, राहुल वर्मा नेशनल मेडल प्राप्त करने पर साथ ही अन्य खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा, इसमें ऐसे दिव्यांग खिलाड़ी है जिन्होंने देश में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए कोटा को गौरवान्वित किया है।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ रवीन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी दिनों तेज गर्मी के मौसम को देखते हुए विभिन्न विभाग आमजन को राहत के मद्देनजर अपनी कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग कमर कस लें। जिला कलक्टर ने कहा कि गत वर्ष भीषण गर्मी के दौर में जिले में जनसहयोग से प्रभावी कार्य हुआ।

इसी तरह विभिन्न संगठनों, संस्थाओं के सहयोग से गर्मी में आमजन और जीव जन्तुओं को राहत के लिए कार्य किए जाएं। नगर निगम रैन बसेरे स्थापित करें, कार्यालयों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर छायापानी के इंतजाम हों, सभी कार्यालयों में छाया-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

वायर चोरी के दो चोर सहित कबाड़ी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। महावीर नगर पुलिस टीम ने निर्माणाधीन मकान में से वायर चोरी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए दो शातिर चोर सहित एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर में बढ़ती हुई चोरी की घटनाओं को रोकने व चोरी की घटनाओं को ट्रेस आउट करने के लिये समस्त थानाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। शहर एसपी ने बताया कि महावीर नगर थाने में निर्माणाधीन मकान में वायर चोरी का मामला सामने आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए निर्माणाधीन मकानों से वायर करने के आरोप में दो शतिर चोर सहित एक कबाड़ी को गिरफ्तर किया है। जिन्होने पूछताछ में शहर के अन्य कई थाना इलाकों में चोरी की वारदात करना कबूला है। महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि 31 मार्च को फरियादी कुंजबिहारी नागर ने थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उनके निर्माणाधीन मकान से कोई अज्ञात चोर बिजली व एसी के वायर चुरा ले गया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए मामले में दो शातिर चोर शिवपुरा निवासी मोनू शाह (25) और कैथूनीपोल हाल नयागांव निवासी रमेशचंद सुमन (48) एवं एक कबाड़ी जयश्री विहार निवासी रघुवीर शर्मा (60) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये शातिर चोरों ने शहर के अन्य थाना इलाके बोरखेड़ा, कुन्हाड़ी, नान्ता व दादाबाड़ी में भी चोरी की वारदात को करना कबूला है।

सिंधु सोशल सर्किल के नए सत्र की शुरुआत

सिंधु सोशल सर्किल के नए सत्र की शुरूआत पर सेवा कार्यक्रम किये गये।

कोटा, (निसं)। विगत 36 वर्षों से सामाजिक सेवा से जुड़ाव और सिंधी संस्कृति को सुदृढ़ करने के मकसद से कार्यरत स्वयंसेवी संस्था सिंधु सोशल सर्किल ने अपनी सहयोगी संस्था सिंधु महिला सर्किल और सिंधु यूथ सर्किल के साथ मिलकर नए सत्र का शुभारंभ श्रीकृष्ण मुरारी गौशाला में गौ सेवा का कार्यक्रम आयोजित करके और सर्किल परिवारों के लिए सुंदरकांड और भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित करके किया।

सिंधु सोशल सर्किल के नए सत्र के अध्यक्ष विमल परयानी, सचिव किशन रतनानी ने बताया कि आज सर्कल के कई पारिवारिक सदस्य गौशाला में गौसेवा के लिए पहुंचे जिसमें प्रमुख थे सर्किल के संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी, अध्यक्ष विमल परियानी, सचिव किशन रतनानी, कृष्ण मुरारी गौशाला के अध्यक्ष सतीश गोपालानी, सर्किल के सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवाणी, सहसचिव सुशील बूलचंदानी, कोषाध्यक्ष मनोहर दयानी, सर्कल के संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, पूर्व संरक्षक प्रेम भाटिया, सिंधु महिला सर्कल की सलाहकार भागवती खूबचंदानी, अध्यक्ष नीतू वनवानी, उपाध्यक्ष मीना दयानी, सचिव निर्मला आहूजा, कोषाध्यक्ष आरती पंजवानी, पूर्व संरक्षक पूनम रतनानी, डोली मदनानी, सर्कल के पूर्व अध्यक्ष कमल सपरा, राज ठाकुर, प्रकाश वीर नाथानी, राम मदनानी, सीपी भावनानी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष करमचंदानी, गिरीश सहजवानी, रमेश रिजवानी, डॉक्टर डॉ.जेपी आहूजा, हरिप्रकाश पंजवानी तथा राजकुमार भाटिया, शंकर सुखवानी, हरीश चंचलानी, राकेश हरसिंघानी आदि उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मानवी सिंह से बदलकर नया नाम मानवी सिंह खींची रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें।
पता-मानवी सिंह खींची पुत्री लक्ष्मण सिंह खींची, ए-9 पुराना बग्गी खाना सिविल लाईन नयापुरा, कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम लोकेश कुमार श्रीवास्तव से बदलकर नया नाम लोकेश श्रीवास्तव रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-लोकेश श्रीवास्तव पुत्र रमेशचन्द्र श्रीवास्तव, मकान नं. 38, शगुन वाटिका पुखराज एनक्लेव, मानपुरा रोड, चन्द्रसेल कोटा

खोया पाया

पीयूष मेहता पुत्र पारस चंद्र 497-बी आर के पुरम कोटा का कब्जा पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

खोया पाया

मेरे आवास संख्या 5-आई-7 महावीर नगर तृतीय के आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, निरस्तीकरण अदेय प्रमाण पत्र, अनुज्ञा पत्र, जमा राशि लेटर गुम हो गये है। जिस किसी को मिले 5-एच-6 महावीर नगर तृतीय पर पहुंचाने की कृपा करें।

सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि हमारे अस्पताल का नियमानुसार वर्ष 1 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2019 का मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट किया जा रहा है, जिस किसी को भी आवश्यकता है, दिनांक 2 मई 2025 तक निम्न दूरभाष 0744-2775054 पर संपर्क करें।

द्वारा
चिकित्सा अधीक्षक
कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर
10-ए तलवण्डी, कोटा
E-mail ID.-khi_rc@yahoo.co.in

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/02 विज्ञप्ति दिनांकः-01.04.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी योजना "त्रिवेणी आवास" खसरा नं. 97 में स्थित भूखंड संख्या सी-39-ए के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी मनोज कुमार अग्रवाल निवासी-सी-39-ए त्रिवेणी आवास बजरंग नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1183 दिनांक 11.10.2002 को श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री आनन्दीलाल के पक्ष में जारी किया गया था। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखंड का उपविभाजन आदेश दिनांक 21.03.2025 को भूखंड संख्या सी-39-ए एवं सी-39-बी के रुप में जारी किया गया है। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री संजय जैन पुत्र श्री रतनलाल जैन द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 16.06.2010 से आवेदक को कर दिया गया है।

अतः श्रीमती सीमा गुप्ता पत्नी मनोज कुमार अग्रवाल के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/01 विज्ञप्ति दिनांकः-01.04.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटडी योजना "त्रिवेणी आवास" खसरा नं. 97 में स्थित भूखंड संख्या सी-39-बी के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती निधीसूद ओझा पत्नी संदीप ओझा निवासी-98 तिलक नगर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1183 दिनांक 11.10.2002 को श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री आनन्दीलाल के पक्ष में जारी किया गया था। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखंड का उपविभाजन आदेश दिनांक 21.03.2025 को भूखंड संख्या सी-39-ए एवं सी-39-बी के रुप में जारी किया गया है। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री संजय जैन पुत्र श्री रतनलाल जैन द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 20.10.2010 से आवेदक को कर दिया गया है।

अतः श्रीमती निधीसूद ओझा पत्नी संदीप ओझा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-235 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांकः-01.04.25

नगर विकास न्यास की ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना के भूखंड/आवास संख्या 446 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 11.05.2001 को मै. न्यू गुजरात रोड लाइन्स प्रो. श्री सत्यनारायण मंगवाल पुत्र श्री किशन गोपाल को किया गया था। मै. न्यू गुजरात रोड लाइन्स प्रो. श्री सत्यनारायण मंगवाल पुत्र श्री किशन गोपाल द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री भगवत सिंह पुत्र श्री राजे सिंह द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 14.03.2008 को श्री तारकेश्वर शर्मा पुत्र स्व. श्री दयाकिशन शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा भी उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री जगदीश चड्डा पुत्र स्व. श्री मोहन कृष्ण चड्डा द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 13.05.2015 को श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री सुभाष चंद शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा भी उक्त भूखंड/आवास का जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 12.09.2018 को श्रीमती मीना मसन्द पुत्र श्री चन्द्रभान मसन्द को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 446 योजना ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मीना मसन्द पुत्र श्री चन्द्रभान मसन्द के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ11/विक्रय/2025/1391 दिनांकः-01.04.2025

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना आनन्दपुरा भूखंड संख्या 1208 का नामहस्तान्तरण पत्र क्रमांक 622-23 दिनांक 24.02.2015 को श्री रहमुद्दीन पुत्र श्री खलीलउद्दीन के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्री रहमुद्दीन पुत्र श्री खलीलउद्दीन द्वारा उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.01.2017 को श्री बालचन्द्र शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा को विक्रय कर दिया गया था। श्री बालचन्द्र शर्मा की मृत्यु दिनांक 20.01.2022 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री बालचन्द्र शर्मा पुत्र श्री मूलचन्द शर्मा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री महावीर प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री बजरंग लाल शर्मा द्वारा उक्त भूखंड संख्या 1208 सुभाष नगर अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1208 योजना सुभाष नगर का नामहस्तान्तरण श्री महावीर प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री बजरंग लाल शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांकः-ननिको/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/108 दिनांकः 1.4.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उदयप्रकाश पुत्र श्री रामकिशन निवासी-161 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या-135 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) क्षेत्रफल-1800 वर्गफुट का स्वामित्व हस्तांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा के पत्रांक : लेखा/मण्डी/3292 दिनांक 09.10.1969 से श्री प्रभुलाल गुप्ता पुत्र श्री मांगीलाल को किया गया है। श्री प्रभुलाल गुप्ता पुत्र श्री मांगीलाल ने एक वसीयतनामा दिनांक 29.08.1983 से उक्त भूखंड की वसीयत श्री उदयप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री रामकिशन गुप्ता के नाम वसीयत की गई है। श्री प्रभुलाल गुप्ता पुत्र श्री मांगीलाल की मृत्यु दिनांक 16.05.2002 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री उदयप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री रामकिशन गुप्ता है। श्री उदयप्रकाश गुप्ता पुत्र श्री रामकिशन गुप्ता के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 09 जाहिर आम सूचना दिनांक - 1.4.25

आवास संख्या 2-म-1 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सत्यमनोहर राजवंशी पुत्र श्री त्रिवेणी साहय को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री सत्यमनोहर राजवंशी पुत्र श्री त्रिवेणी साहय द्वारा दिनांक 27.10.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री सत्यमनोहर राजवंशी पुत्र श्री त्रिवेणी साहय की मृत्यु दिनांक 21.09.2024 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती शैल राजवंशी की मृत्यु दिनांक 29.06.2015 को हो चुकी है। श्री सत्यमनोहर राजवंशी पुत्र श्री त्रिवेणी साहय द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 02.06.2018 को श्री गौरव राजवंशी पुत्र श्री सत्यमनोहर राजवंशी के पक्ष में आलेखित की गई। श्री गौरव राजवंशी पुत्र श्री सत्यमनोहर राजवंशी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-म-1 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री गौरव राजवंशी पुत्र श्री सत्यमनोहर राजवंशी के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री गौरव राजवंशी पुत्र श्री सत्यमनोहर राजवंशी के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री गौरव राजवंशी पुत्र श्री सत्यमनोहर राजवंशी के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4918 जाहिर आम सूचना दिनांक - 26.3.25

आवास संख्या 2-त-19 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मिल्कीराम को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मिल्कीराम द्वारा दिनांक 06.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मिल्कीराम की मृत्यु दिनांक 09.03.2005 को हो जाने के कारण उक्त आवास का हस्तांतरण रिलीज डीड (हक त्याग) के आधार पर दिनांक 21.12.2015 को श्रीमती ज्योति वाधवानी पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश के पक्ष में किया गया। तत्पश्चात श्रीमती ज्योति वाधवानी पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 14.01.2016 को श्री अजय गोयल पुत्र श्री श्याम बिहारी गोयल को किया गया। श्री अजय गोयल पुत्र श्री श्याम बिहारी गोयल का नाम दिनांक 16.05.2016 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री अजय गोयल पुत्र श्री श्याम बिहारी गोयल द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 22.06.2017 को मुख्तारआम आलेखित कर श्री लालचन्द वनवारी पुत्र श्री सुन्दरदास वनवारी को अपना मुख्तारआम नियुक्त किया गया। श्री लालचन्द वनवारी पुत्र श्री सुन्दरदास वनवारी मुख्तार आम श्री अजय गोयल पुत्र श्री श्याम बिहारी गोयल द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.07.2018 को श्री भागचन्द पुत्र स्व. श्री आंसूमल को किया गया। श्री भागचन्द पुत्र स्व. श्री आंसूमल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-त-19 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री भागचन्द पुत्र स्व. श्री आंसूमल का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री भागचन्द पुत्र स्व. श्री आंसूमल का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री भागचन्द पुत्र स्व. श्री आंसूमल के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा